प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 09.11.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने 13 वर्ष पुराना बुलेटप्रूफ वाहन राज्य सरकार को लौटाया, पूर्व मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल।
- प्रदेश कांग्रेस रांची में आयोजित करेगी 'थिंक–2029' नीति संगोष्ठी, विकास का रोडमैप तैयार करने के साथ महिला सशक्तीकरण पर भी होगा कार्यक्रम।
- कैंसर की दवाओं की कीमतों में कमी का झारखंड में स्वागत, मरीजों ने केंद्र सरकार के प्रति जताया आभार, चिकित्सकों ने बताया क्रांतिकारी कदम।
- हजारीबाग की दनुआ घाटी में भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल। घायलों का हजारीबाग में इलाज जारी।
- जूनियर राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, राज्य के दो खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बार–बार खराब हो रहे 13 वर्ष पुराने बुलेटप्रूफ वाहन को राज्य सरकार को लौटा दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर पूर्व मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। श्री मरांडी ने सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों के सुरक्षा वाहनों की समीक्षा कर तत्काल सुरक्षित वाहन उपलब्ध कराने और सात दिनों के भीतर इस संबंध में की गई कार्रवाई का लिखित ब्योरा देने की मांग की है।

****

प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से 11 नवंबर को रांची में 'थिंक–2029' के तहत विशेष व्याख्यान और नीति संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आज रांची में प्रेसवार्ता में बताया कि संगोष्ठी में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। संगोष्ठी में राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार, उद्योग, कृषि और विकास की प्राथमिकताओं पर विशेषज्ञों के साथ विचार–विमर्श किया जाएगा।

****

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने सामाजिक कार्यकर्ता निशा भगत की मौत के मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। रांची में आज प्रेसवार्ता में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी टोप्पो ने बताया कि न्याय की मांग को आगामी अठारह नवंबर को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल बंद का आह्वान किया गया है।

****

आजसू पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने आज गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित उरू गांव पहुंचकर दिवंगत निशा भगत के माता–पिता से मुलाकात की। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

****

कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाली एक सौ सैंतीस दवाओं की संशोधित कीमतें आज से झारखंड समेत पूरे देश में लागू हो गई हैं। केंद्र सरकार के इस फैसले से राज्य के कैंसर मरीजों को उपचार के खर्च में राहत मिलने की उम्मीद है। रांची के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव शेखर ने इसे महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इससे मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा।

****

राज्य में एसआईआर के तहत आवेदनों का डिजिटाइजेशन तेज गति से हो रहा है। चार तरह के लगभग पन्द्रह लाख आवेदनों को अब तक डिजिटाइज किया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार का समावेशी मतदाता सूची पर जोर है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक न छूटे और अपात्र इसमें शामिल न हो। उन्होंने बाकी आवेदनों के निष्पादन पर बल दिया है। सीईओ ने बताया कि एसआईआर के तहत तीस नवंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

****

हजारीबाग जिले की दनुआ घाटी में महानेटांड के समीप आज हुई भीषण सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, गिरिडीह के बगोदर प्रखंड के अटका गांव से एक ही परिवार के लोग शव लेकर अंतिम संस्कार करने बनारस जा रहे थे तभी एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी।

****

गिरिडीह जिले के धनवार थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई यूके बैंक डकैती मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लोडेड पिस्तौल, एक मोटरसाइकिल और एक चार पहिया गाड़ी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने बताया कि इस घटना को अंतरराज्यीय गिरोह ने अंजाम दिया था।

****

केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना में बदलाव करते हुए अग्निवीरों की सेवा अवधि चार वर्ष से बढ़ाकर छह वर्ष करने का निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले से अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में लंबे समय तक सेवा करने का अवसर मिलेगा। इस फैसले से सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे रांची के युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

****

रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज गोवर्धन पूजा मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने गाय, बैल और अन्य पशुधन को स्नान कराकर उनकी पूजा–अर्चना की। पशुओं को नए अनाज से बने पकवान खिलाए गए और ढोल–नगाड़ों के साथ नचाया गया। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत उठाने की लीला की याद में मनाया जाता है।

****

राज्य के कई हिस्सों में आज से लेकर ग्यारह नवंबर तक मेघ गर्जन और बारिश के आसार हैं। तापमान में उतार–चढ़ाव की संभावना है। राज्य में बारह नवंबर से आसमान के मुख्यतः साफ रहने की संभावना है।

****

तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित 25वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में झारखंड की लक्ष्मी कुमारी और वरुण कुमार चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में झारखंड के 26 खिलाड़ियों के दल ने हिस्सा लिया। इनमें 15 बालक और 11 बालिका खिलाड़ी शामिल थे।

********समाप्त*********